# सब्सिडी मिलने के बाद ईवी दोपहिया सबसे ज्यादा बिके

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पर सब्सिडी प्रदान करने के लिए शुरू की गई पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 30 हजार वाहनों की बिक्री हो चुकी है।

योजना को विधिवत रूप से एक अक्तूबर को शुरू किया गया था। आंकड़ों से पता चलता है कि बीते 22 दिनों में प्रतिदिन 1363 सब्सिडी के साथ 1363 इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद की गई है। मौजूदा वक्त में देश के अंदर दोपहिया वाहन और तीन पहिया की श्रेणी में आने वाले ई-रिक्शा, ऑटो और ई-कार्ट पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि दोपहिया वाहन के तौर पर अब लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल लेना पंसद कर रहे हैं क्योंकि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई है। सबसे कम कमर्शियल वाहन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले ई-कार्ट और ई-रिक्शा हैं, जिनकी खरीद पर सिर्फ 18 लोगों ने सब्सिडी हासिल की है। उधर, संभावना है कि नवंबर में ई-एंबुलेंस और ई-ट्रक की खरीद, सब्सिडी व अन्य नियमों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

## सब्सिडी के साथ खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहन

| वाहन एवं श्रेणी | संख्या |
|---|---|
| 2 व्हीलर (एल-2) | 20013 |
| 2 व्हीलर (एल-1) | 6335 |
| 3 व्हीलर (एल-5) | 1553 |
| 3 व्हीलर (ई-कार्ट व ई-रिक्शा) | 18 |

**स्कूटर पर इतना लाभ :** इस योजना के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी बैटरी पावर के आधार पर 5,000 रुपये प्रति किलोवॉट घंटा तय की गई है। योजना के दूसरे साल में इसे आधा करके 2,500 प्रति किलोवॉट घंटा कर दिया जाएगा और कुल लाभ 5,000 रुपये से ज्यादा नहीं होगा।